संकल्प शक्ति



ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

**हमारा भाग्य हमारे हाथ में है। हमारा हर कर्म मन(आत्मा) से हो रहा है। हम तो सोच क्रियेट कर रहे हैं कि हम परफेक्ट हैं, परफेक्ट हैं, लेकिन आसपास के लोग बोलते हैं कि थके हुए हैं, थके हुए हैं, तो उनको भी स्टॉप करना है। धीरे-धीरे हमारे सारे निगेटिव वायब्रेशन्स के शब्द बदलते जायेंगे। दुआ वो नहीं होती है जो कोई कभी-कभी आकर देता है, दुआ मतलब हमारा हर थॉट दुआ।**

# हमारे संकल्प ही हमारे डॉक्टर

गतांक से आगे... पिछले अंक में बताया गया था कि जब हम अपनी सोच से अपनी समस्या को बढ़ा सकते हैं तो अपनी सोच से ही उसे कम भी तो कर सकते हैं। लेकिन हम इस पॉवर को यूज़ करें ना फिर।

संकल्प से सिद्धि एक लॉ है, जो संकल्प हम करते हैं वो वायब्रेट होता है और वो होता जाता है। हम चाहते हैं कि ये ठीक हो जाए तो हम कौन-सी थॉट क्रियेट करेंगे? ठीक हो जाये... ये भी नहीं क्रियेट करना है, क्योंकि इसकी भी एनर्जी है। ठीक हो जाए मतलब अभी ठीक नहीं है। जो दिख रहा है वो नहीं सोचना है। वो सोचना है जो देखना चाहते हैं।

जैसे मान लो आप ऑफिस से थोड़ा थके हुए शाम को घर पहुंचते हो और घर पहुंचते ही कहते हो कि मैं बहुत ज़्यादा थका हुआ हूँ, ये सोचते जाओ और बोलते जाओ। फिर कोई पूछेगा घर पे कि थके हुए हो, तो कहेंगे हाँ, बहुत थका हुआ हूँ। फिर सब बच्चों को भी बोलेंगे कि उनको डिस्टर्ब नहीं करना, वो बहुत थके हुए हैं। फिर किसी का फोन आएगा, बाहर वॉक पे चलना है, नहीं जी आज वो बहुत थके हुए हैं। तो जो थकावट थोड़ी थी वो बढ़ेगी या नहीं बढ़ेगी? अब इस थकावट को कम करने के लिए क्या बोलना पड़ेगा? सच्चाई को नकार तो बिल्कुल नहीं सकते, सोच तो क्रियेट करनी पड़ेगी। लेकिन कौन-सी थॉट क्रियेट



करनी है वो च्वॉइस हमारी है। तो हम आये घर, ऑफिस से, शरीर थोड़ा-सा थका हुआ है, ये सच है। लेकिन वो उसी समय की सच्चाई है। एक घंटे के बाद की स्थिति क्या बनानी है ये हमारी च्वॉइस है।

जब हम ऑफिस से घर आयें और कोई पूछे कि कैसे हो तो हमें सही शब्द यूज़ करना है। कहना है- हम फ्रेश हैं, बिल्कुल फ्रेश हैं, मौज में हैं, एनर्जेटिक हैं। और ये सिर्फ औरों को नहीं बोलना, ये हमें अपने आप को भी बोलना है। और सिर्फ मुख से नहीं, मन से बोलना है। आप सिर्फ एक दिन ये प्रयोग करके देखिएगा। आप सिर्फ बोलते जाओ, सब परफेक्ट है, सब परफेक्ट है, परफेक्ट है, मैं बिल्कुल परफेक्ट हूँ। हमारे संकल्प हमारे शरीर तक पहुंच रहे हैं। और जो थकान पचास पर थी वो धीरे-धीरे चालीस पर आयेगी या नहीं आयेगी! हमारा भाग्य हमारे हाथ में है। हमारा हर कर्म मन(आत्मा) से हो रहा है। हम तो सोच क्रियेट कर रहे हैं कि हम परफेक्ट हैं, परफेक्ट हैं, लेकिन आसपास के लोग बोलते हैं कि थके हुए हैं, थके हुए हैं, तो उनको भी स्टॉप करना है। धीरे-धीरे हमारे सारे निगेटिव वायब्रेशन्स के शब्द बदलते जायेंगे। दुआ वो नहीं होती है जो कोई कभी-कभी आकर देता है, दुआ मतलब हमारा हर थॉट दुआ। हमारा हर थॉट, हर शब्द दुआ बन जाये तो हमारा जीवन ही दुआओं से भरपूर हो जाएगा, खुद के लिए भी और सभी के लिए भी।



**मुज़फ्फरनगर-गांधीनगर(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. बबिता बहन।



**सिरसा-हरियाणा।** सुनीता दुग्गल,सांसद,सिरसा लोकसभा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. बिन्दु बहन व ब्र.कु. पूनम बहन।



**देवबंद-उ.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा उप कारागृह में राजयोगी ब्र.कु. भगवान भाई ने कैदियों को 'संस्कार परिवर्तन एवं व्यवहार शुद्धि' विषय पर सम्बोधित किया। इस दौरान स्थानीय ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र से ब्र.कु. सुधा बहन, जेल अधीक्षक महेंद्र पाल, डिप्टी जेलर श्रीराज कुमार, ब्र.कु. जगपाल भाई, डिप्टी जेलर कल्पना जी, समाजसेवी भूपेंद्र सिंह, आजाद भाई व जेल स्टाफ मौजूद रहे।



**गया-सिविल लाइन(बिहार)।** ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग ज्ञान भवन सेवाकेन्द्र द्वारा पितृपक्ष मेला में आयोजित 'राजयोग द्वारा तनाव मुक्ति प्रदर्शनी एवं पूजा पंडाल' का उद्घाटन करने के पश्चात् समूह चित्र में महापौर बीरेंद्र कुमार, पूर्व उपमहापौर मोहन श्रीवास्तव, वार्ड काउंसलर सुधीर कुमार गौतम, वार्ड काउंसलर ओम यादव, प्रमुख व्यवसायी लालजी प्रसाद, राजयोगिनी ब्र.कु. शीला दीदी व अन्य।



**फाज़िल्का-पंजाब।** रेसलिंग में गोल्ड मेडल जीतने के बाद ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर सरथ और हर्षिका को सम्मानित करते हुए ब्र.कु. शालिनी बहन।



**प्रतापगढ़-उ.प्र.।** जिला कारागार में सभी को रक्षासूत्र बांधने के पश्चात् जेल अधीक्षक रमाकांत दोहरे को ओमशान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए ब्र.कु. हेमा बहन।



**हाथरस-उ.प्र.।** ऐतिहासिक लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज हाथरस में प्रतिवर्ष जिलाधिकारी द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ को 'एक रात कन्हैया से बात' कार्यक्रम का संयोजक बनाया जाता है। इस कार्यक्रम का रिबन काटकर दिल्ली मंत्रालय से आये भुवन भूषण कमल,सदस्य,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग,भारत सरकार, जिला पंचायत अध्यक्षा सीमा उपाध्याय, नवागत बीजेपी जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय, डॉ. विकास शर्मा, ब्रह्माकुमारीज़ की जिला प्रभारी राजयोगिनी ब्र.कु. सीता दीदी, एड. कुंवर उत्तम सिंह, युवा समाजसेवी विशाल चतुर्वेदी, एड. अतुल आंधीवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष आदि गणमान्य लोगों ने शुभारंभ किया।



**चण्डीगढ़-पंजाब।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चण्डीगढ़ मोहाली के बीएसएनएल के अधिकारी वर्ग के लिए आयोजित 'उपभोक्ता शिक्षा' कार्यशाला में ब्रह्माकुमारीज़ रेडियो मधुबन के आर.जे. रमेश ने सभी का मार्गदर्शन किया। इस दौरान डिप्टी जनरल मैनेजर मुनीष कपूर, असिस्टेंट जनरल मैनेजर आईटी राजेश चौहान, सब डिविज़नल ऑफिसर सुधीर कुमार, जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर बंधन प्रीत सिंह, ब्र.कु. सुधीर भाई आदि मौजूद रहे।



**बिहटा-पटना(बिहार)।** 9वीं बटालियन एनडीआरएफ में सभी को रक्षासूत्र बांधने के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. सुजाता बहन, ब्र.कु. कविता बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।



**सीतापुर-वाराणसी(उ.प्र.)।** सीतापुर के मुख्य विकास अधिकारी के निमंत्रण पर सीतापुर विकास भवन में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित एक दिवसीय 'राजयोग द्वारा तनावमुक्ति एवं सकारात्मक जीवनशैली' विषयक सेमिनार में वाराणसी सारनाथ क्षेत्रीय कार्यालय की मोटिवेशनल स्पीकर एवं राजयोगा ट्रेनर ब्र.कु. तापोशी बहन, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. योगेश्वरी दीदी, जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र प्रजापति, ब्र.कु. रश्मि बहन, ब्र.कु. ज्ञानू बहन, ब्र.कु. भूमिका बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों सहित विभिन्न विभागों के करीब 100 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।



**लोहरदगा-झारखंड।** रक्षासूत्र बांधने एवं ज्ञानचर्चा करने के पश्चात् समूह चित्र में डी.सी. डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण व एस.पी. राजकुमार के साथ ब्र.कु. आशामणि बहन, ब्र.कु. मंजू बहन व अन्य।



**जयपुर-बनी पार्क(राज.)।** राजयोगिनी ब्र.कु. लक्ष्मी दीदी को जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर द्वारा योग के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी सहित हज़ारों की संख्या में योग प्रेमी उपस्थित रहे।



**गायघाट-वाराणसी(उ.प्र.)।** सुप्रसिद्ध चिकित्सा केंद्र,हेरिटेज हॉस्पिटल में आयोजित आध्यात्मिक स्नेह-मिलन कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में डॉक्टर्स एवं स्टाफ नर्स के साथ ब्र.कु. मोहिनी बहन, ब्र.कु. मोहन भाई, ब्र.कु. गीता बहन, ब्र.कु. निशा बहन तथा ब्र.कु. साधना बहन।



**छपरा-बिहार।** छपरा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. अनामिका बहन। साथ हैं ब्र.कु. प्रियांशु बहन, ब्र.कु. ज्योति बहन, ब्र.कु. मुन्नी बहन व ब्र.कु. शैलेष भाई।